भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **+1252**
सोमवार, 10 फरवरी, 2020/2**1** माघ, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं

+1252. श्रीमती सुमलता अम्बरीशः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई नई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान इन योजनाओं के लिए कुल कितना वित्तीय आवंटन किया गया है और कितनी राशि व्यय की गई है और इसका वर्ष-वार और योजना-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने पर्यटन क्षेत्र के अंतर्गत नौकरियों के अवसर सृजित करने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) कितने पुराने पर्यटन केन्द्रों को अद्यतनीकृत और विकसित किया गया है और कितने नए पर्यटन केन्द्रों का कार्य किया गया है तथा इसका राज्य-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा आगामी तीन वर्षों में कितने नए पर्यटन केन्द्र विकसित किए जाने की योजना है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री **(**स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ) : पर्यटन मंत्रालय भारत के विभिन्न पर्यटन उत्पादों सहित एक संपूर्ण गंतव्य के रूप में भारत का संवर्धन करता है। आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) और विपणन विकास सहायता सहित विदेशों में संवर्धन एवं प्रचार (ओपीएमडी) योजनाओं के अंतर्गत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत के विभिन्न पर्यटन उत्पादों एवं गंतव्यों के संवर्धन के लिए कार्यकलाप किए जाते हैं। मौजूदा योजनाओं के अतिरिक्त भारत सरकार ने पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा क्षेत्र सहित उनके विकास को संवर्धन एवं उनकी क्षमता को देखते हुए 12 अभिज्ञात अग्रणी सेवा क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सेवा में अग्रणी क्षेत्रों संबंधी एक योजना हाल ही में लॉन्च की है। अग्रणी सेवा क्षेत्र योजना के अंतर्गत पर्यटन सेक्टोरल प्लान में निम्नलिखित संघटक शामिल हैं:-

- बौद्ध परिपथ में टेंट आवास का सृजन और इन गंतव्यों एवं आवासों की मार्केटिंग एवं संवर्धन
- हवाई कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करना
- प्रतिष्ठित स्थानों में तथा उनके आसपास क्षमता निर्माण कार्यक्रम( पर्यटक सुविधा प्रदाताओं को भाषाई प्रशिक्षण)
- उभरते हुए बाजारों में टूर ऑपरेटरों को प्रोत्साहन देना
- माइस पर्यटन का संवर्धन

ई एफ सी ने उपरोक्त संघटक के कार्यान्वयन हेतु 535. 40 करोड़ रुपए के कुल बजट को अनुमोदित किया है। पर्यटन मंत्रालय ने अभिज्ञात पर्यटन संघटकों के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2020- 21 में अग्रणी सेवा क्षेत्र योजना के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय के बजट अनुमानों में 123.00 करोड़ रुपए का बजट परिव्यय दर्शाया है।

तीसरे पर्यटन सेटेलाइट अकाउंट( टी एस ए) के अनुमानों के अनुसार वर्ष 2018- 19 के लिए पर्यटन क्षेत्र में रोजगार का हिस्सा 12. 75% ( प्रत्यक्ष- 5. 56% और अप्रत्यक्ष- 7. 19 %) है।

(ड.) और (च): पर्यटन मंत्रालय ने ऐतिहासिक स्थानों एवं विरासत शहरों सहित देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए दो प्रमुख योजनाएं, स्वदेश दर्शन- थीम आधारित पर्यटक परिपथ का एकीकृत विकास और प्रशाद- तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान लॉन्च की हैं।

स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत परियोजनाओं की स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है। इन योजनाओं के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकार/ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है।

स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं एवं जारी की गई राशि का विवरण अनुबंध-**I** और **II** में दिया गया है।

*******

अनुबंध-I

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 10.02.**2020** के लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या +1252 के भाग (ड.) और (च) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं के ब्यौरे:- **(करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परिपथ का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष 2014-15 | | | | | |
| **1.** | अरूणाचल प्रदेश | पूर्वोत्तर परिपथ | भालुकपोंग-बोमडिला और तवांग में परिपथ का विकास | 49.77 | 39.81 |
| **2.** | आंध्र प्रदेश | तटवर्ती परिपथ | काकीनाडा- होप आईलैंड- कोरिंगा वन्यजीव अभ्यारण्य पासरलापुडी अदुरु-एस-यनम-कोटिपल्ली का विकास | 67.84 | 64.44 |
| | | | **2014-15** का कुल | **117.61** | **104.25** |
| वर्ष **2015-16** | | | | | |
| **3.** | मणिपुर | पूर्वोत्तर परिपथ | मणिपुर में परिपथ का विकास : इम्फाल-खोंजोम | 72.23 | 61.32 |
| **4.** | सिक्किम | पूर्वोत्तर परिपथ | रांग्पों (प्रवेश)- रोराथांग-अरितर-फाडमचेन- नाथंग- शेराथांग-त्सोंग्मो–गंगटोक-फोडोंग- मंगन- लाचुंग- युमथांग-लाचेन-थांगू-गुरूदोंगमेर- मंगन- गंगटोक-तुमिन लिंगी-सिंगतम (निकास) को जोड़ने वाले परिपथ का विकास। | 98.05 | 78.44 |
| **5.** | उत्तराखण्ड | इको परिपथ | टिहरी झील के आसपास टिहरी-चम्बा-सरायन में परिपथ का विकास | 70.92 | 64.30 |
| **6.** | राजस्थान | मरूस्थल परिपथ | शाकम्भरी माता मन्दिर, साम्भर साल्ट काम्पलेक्स, देवयानी कुण्ड, शर्मिष्ठ सरोवर, नलियासर और अन्य गंतव्य | 63.96 | 51.17 |
| **7.** | नागालैंड | जनजातीय परिपथ | जनजातीय परिपथ पेरेन-कोहिमा-वोखा का विकास | 97.36 | 77.89 |
| **8.** | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ | पन्ना-मुकुन्दपुर-संजय-डुबरी-बांधवगढ़-कान्हा-मुक्की-पेन्च में परिपथ का विकास | 92.22 | 73.78 |
| **9.** | आंध्र प्रदेश | तटवर्ती परिपथ | पुलिकट झील - उबलमादुगु जल प्रपात- | 59.70 | 47.76 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नेलपट्टू- पक्षी अभ्यारण्य -माथपाडु बीच-रामतीर्थम का विकास | | |
| **10.** | तेलंगाना | इको परिपथ | जिला महबूबनगर जिला में परिपथ का विकास (सोमासिला, सिंगोतम, काडालाइवानम, अक्कामहादेवी, एगालनंपाटा, फराहाबाद, उमामहेश्वरम, मल्लेलातीर्थम) | 91.62 | 73.30 |
| **11.** | केरल | इको परिपथ | पथानमथिट्टा-गावी-वागमोन-थेक्काडी का विकास | 76.55 | 61.24 |
| **12.** | मिजोरम | पूर्वोत्तर परिपथ | थेंजावल एवं साउथ जोट, जिला सेरचिप और रेइक का एकीकृत विकास | 94.91 | 75.92 |
| **13.** | असम | वन्य जीव परिपथ | मानस- प्रोबितोरा- नामेरी- काजीरंगा-डिब्रू-सेखोवा का विकास | 95.67 | 76.54 |
| **14.** | पुदुच्चेरी | तटवर्ती परिपथ | डुब्रायापेट- अरीकामेडु- चीना वीरामपट्टिनम-चुन्नमबार- नल्लावाडु/ मानापेट-कालापेट-फ्रेंच क्वार्टर, तमिल क्वार्टर और यनम का विकास। | 85.28 | 61.82 |
| **15.** | अरूणाचल प्रदेश | पूर्वोत्तर परिपथ | जिरीगांव नफरा-सेप्पा-पप्पू-पासा-पक्के घाटियाँ- लमडुंग, लफांग सोहुंग लेक तारोयार - न्यू सगाली-जीरो-योमचा का एकीकृत विकास | 97.14 | 77.71 |
| **16.** | त्रिपुरा | पूर्वोत्तर परिपथ | पूर्वोत्तर परिपथः अगरतला- सिपाहिजला-मेलाघर-उदयपुर-अमरपुर- तीर्थमुख-मंदिरघाट- दुम्बूर-नरिकेलकुंज-गंडाचरा-अम्बासा का विकास | 99.59 | 79.67 |
| **17.** | पश्चिम बंगाल | तटवर्ती परिपथ | समुद्रतट परिपथः उदयपुर-दीघा-शंकरपुर-ताजपुर- मंदारमणि-फ्रेजरगंज-बक्खलई-हेनरी द्वीप का विकास | 85.39 | 68.31 |
| **18.** | छत्तीसगढ़ | जनजातीय परिपथ | जशपुर- कुंकुरी- मैनपत-अंबिकापुर-महेशपुर- रतनपुर- कुरदार- सरोदादादर-गंगरेल- कोंडागांव- नाथिया नवागांव-जगदलपुर- चित्रकूट- तीर्थगढ़ का विकास | 99.00 | 79.20 |
| **19.** | महाराष्ट्र | तटवर्ती परिपथ | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ (शिरोडा बीच, सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग समुद्र तट | 82.17 | 16.43 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | और क्रीक) देवगढ़ (किला और समुद्र तट), मितभाव, टोंडावली, मूसेहमद और निवाती किले) का विकास | | |
| | | | **2015-16** का कुल | **1461.76** | **1124.8** |
| वर्ष **2016-17** | | | | | |
| **20.** | गोवा | तटवर्ती परिपथ | सिंक्वेरियम-बागा-अंजुना-वेगेटर-मोरजिम-केरी-अगौदा किला और अगौदा जेल का विकास। | 99.99 | 79.99 |
| **21.** | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू, कश्मीर पहलगाम, कारगिल, लेह का एकीकृत विकास | 82.97 | 60.47 |
| **22.** | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ | मुलुगु- लकनावरम- मेदावरम-तडवई-दमारवी-मल्लूर-बोगाथा जलप्रपात का विकास | 83.88 | 67.10 |
| **23.** | मेघालय | पूर्वोत्तर परिपथ | उमियम (लेक-व्यू) यू लुम-सोहपेटबनेंग-मावडियांगडियांग - आर्किड लेक रिजार्ट का विकास | 99.13 | 79.31 |
| **24.** | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ | सांची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार का विकास | 74.94 | 59.95 |
| **25.** | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | सबरीमाला- एरूमेलि- पम्पा- सन्नीधानम का विकास | 99.99 | 20.00 |
| **26.** | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ | श्रीगोविंदजी मंदिर- श्रीबिजय गोविंदजी मंदिर-श्रीगोपीनाथ मंदिर- श्रीबंगशीबोदन मंदिर- श्रीकैना मंदिर का विकास | 53.80 | 43.04 |
| **27.** | गुजरात | विरासत परिपथ | अहमदाबाद-राजकोट-पोरबंदर-बारदोली-दांडी का विकास | 85.01 | 62.63 |
| **28.** | हरियाणा | कृष्णा परिपथ | कुरूक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर, सनहित सरोवर, नरकातरी, ज्योतिसर में पर्यटन अवसंरचना का विकास | 97.35 | 77.88 |
| **29.** | राजस्थान | कृष्णा परिपथ | गोविन्द देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास | 91.45 | 45.72 |
| **30.** | सिक्किम | पूर्वोत्तर परिपथ | लिंगमू- लिंगी- माका- तेमी- बरमोहक-नामची- ओखारे- सोमबारिया- दरमदीन-मेली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक | 95.32 | 76.25 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | परिपथ विकास | | |
| **31.** | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ | ग्वालियर -ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडु का विकास | 92.97 | 74.38 |
| **32.** | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | श्री पदमनाभ मंदिर अरनामुला - सबरीमाला का विकास | 92.22 | 73.77 |
| **33.** | बिहार | तीर्थंकर परिपथ | वैशाली- आरा-मसाद-पटना-राजगीर-पावापुरी-चंपापुरी का विकास | 52.39 | 26.19 |
| **34.** | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | कांवड़िया रूट: सुल्तानगंज- मोजमा- बंका का एकीकृत विकास | 52.35 | 39.76 |
| **35.** | ओडिशा | तटवर्ती परिपथ | गोपालपुर, बारकुल, सतपदा और तंपारा का विकास | 70.82 | 37.61 |
| **36.** | नागालैंड | जनजातीय परिपथ | मोकोकचुंग-तुएनसांग-मोन का विकास | 99.67 | 78.09 |
| **37.** | उत्तराखंड | विरासत परिपथ | कुमाऊं क्षेत्र- कटारमल-जोगेश्वर-बैजनाथ-देवीधुरा का विकास | 79.13 | 63.30 |
| **38.** | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू-राजौरी-शोपियान-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास | 96.38 | 48.19 |
| **39.** | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू और कश्मीर के लिए प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत **2014** में बाढ़ से हुई तबाही के एवज में परिसंपत्तियों के निर्माण के तहत पर्यटन सुविधाओं का एकीकृत विकास | 90.96 | 74.70 |
| **40.** | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ | मंतालाई- सुधमहादेव- पटनीटॉप में पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास | 97.82 | 75.11 |
| **41.** | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ | अनंतनाग-किश्तवार-पहलगाम-दकसुम-रंजीत सागर बांध पर पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास | 87.44 | 63.71 |
| **42.** | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ | गुलमर्ग -बारामुला- कुपवाड़ा- लेह में पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास | 96.93 | 45.51 |
| **43.** | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ | श्रावस्ती, कुशीनगर एवं कपिलवस्तु का विकास | 99.97 | 72.56 |
| **44.** | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 | 55.56 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **45.** | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | तटवर्ती परिपथ | लांग आईलैंड-रास स्मिथ आईलैंड-नील आईलैंड-हैवलॉक आईलैंड-वाराटांग आईलैंड-पोर्ट ब्लेयर का विकास | 42.19 | 8.44 |
| **46.** | तमिलनाडु | तटवर्ती परिपथ | चैन्नई- मामल्लापुरम- रामेश्वरम-कुलसेखरन पट्टीनम- कन्याकुमारी का विकास | 74.58 | 59.66 |
| **47.** | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | शाहजहांपुर- बस्ती- अहर- अलीगढ़-कासगंज-सरोसी-प्रतापगढ़-उन्नाव-कौशाम्बी–मिर्जापुर-गोरखपुर-कैराना-डुमरियागंज-बागपत-बाराबंकी-आजमगढ़ का विकास | 68.39 | 54.71 |
| **48.** | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चन्दौली-मिश्रिख-भदोही का विकास | 63.77 | 50.33 |
| **49.** | उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ | कालिंजर किला (बांदा)-मरहर धाम (संतकबीर नगर)-चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर)-मावाहर स्थल (घोसी)- शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 34.82 | 26.14 |
| **50.** | बिहार | बौद्ध परिपथ | बोधगया में, सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण | 98.73 | 48.69 |
| **51.** | असम | विरासत परिपथ | तेजपुर-माजुली-सिबसागर का विकास | 98.35 | 45.29 |
| **52.** | हिमाचल प्रदेश | हिमालयन परिपथ | कियारीघाट, शिमला, हटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चम्बा में हिमालयन परिपथ का एकीकृत विकास | 86.85 | 39.88 |
| **53.** | मिजोरम | इको परिपथ | इको- रोमांचकारी परिपथ आइजवाल-रॉपुइछिप-खॉहफॉव-लेंगपुई-डर्टलॉग-चतलांग-सकव्रवमुईट्वेट-लॉग-मुथी-बेराटलॉग-तुइरियाल एयर फील्ड-मुईफॉग का विकास | 99.07 | 49.53 |
| **54.** | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ | चुरू (सालासर बालाजी)-जयपुर (श्री समोदे बालाजी, घाट के बालाजी, बांधे के बालाजी) -अलवर (पांडुपोल हनुमानजी, भरतहरि)-विराटनगर (बीजक, जैन्नासिया, अम्बिका मंदिर)-भरतपुर (कमान क्षेत्र)-धौलपुर | 93.90 | 68.24 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | (मुचकुंद)-मेहंदीपुर बालाजी-चित्तौड़गढ़ (साँवलियाजी) का विकास | | |
| **55.** | गुजरात | विरासत परिपथ | वाड नगर-मोधेरा और पाटन का विकास | 98.61 | 79.85 |
| | | | वर्ष **2016-17** का कुल | **3001.59** | **2031.54** |
| वर्ष **2017-18** | | | | | |
| **56.** | बिहार | ग्रामीण परिपथ | गांधी परिपथः भितिहरवा- चन्द्रहिया- तुरकौलिया का विकास | 44.65 | 21.24 |
| **57.** | गोवा | तटवर्ती परिपथ | रूआ दि ओरम क्रीक- डोन पौला- कोलवा- बेनौलिम का विकास | 99.35 | 49.68 |
| **58.** | गुजरात | बौद्ध परिपथ | जूनागढ़- गिर-सोमनाथ-भड़ूच-कच्छ- भावनगर- राजकोट- मेंहसांणा का विकास | 29.28 | 14.63 |
| **59.** | पुदुच्चेरी | विरासत परिपथ | फ्रेको-तमिल गाव, कराइकल, माहे और यनम का विकास | 66.35 | 33.17 |
| **60.** | पुदुच्चेरी | आध्यात्मिक परिपथ | करायकाल-यनम और पुदुच्चेरी का विकास | 40.68 | 30.94 |
| **61.** | राजस्थान | विरासत परिपथ | राजसमंद (कुंभलगढ़ का किला)- जयपुर (नाहरगढ़ का किला) -अलवर (बाला किला)- सवाई माधोपुर (रणथम्बौगर का किला और खण्डार किला)- झालावाड़- (गागरों का किला)- चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ का किला)- जैसलमेर (जैसलमेर का किला) - हनुमानगढ़ (कालीबंगन, भटनेर किला और गोगामेड़ी)- जलौर (जलौर का किला)- उदयपुर (प्रताप गौरव केन्द्र)- धौलपुर (बाग ई-निलोफर और पुरानी छावनी)- नागौर (मीरा बाई स्मारक) का विकास। | 90.92 | 49.80 |
| **62.** | तेलंगाना | विरासत परिपथ | विरासत परिपथः कुतुब शाही विरासती पार्क-पैगाह का मकबरा- हयात बक्शी की मस्जिद- रेमण्ड के मकबरा का विकास। | 99.42 | 49.71 |
| **63.** | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | मंदार पहाड़ी एवं अंग प्रदेश का विकास। | 53.49 | 24.28 |
| **64.** | मध्य प्रदेश | इको परिपथ | गांधीसागर बांध - मण्डलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इन्दिरा सागर बांध - तवा | 99.62 | 79.70 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | बांध- बारगी बांध- भेड़ा घाट- बनसागर बांध- केन नदी का विकास। | | |
| **65.** | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | अयोध्या का विकास | 133.31 | 99.21 |
| **66.** | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के बौद्ध परिपथ थीम के अन्तर्गत आंध्र प्रदेश में शलिहुण्डम- थोटलाकोण्डा- बावीकोण्डा- बोज्जन कोण्डा- अमरावती- अनुपु का विकास। | 52.34 | 26.17 |
| | | | वर्ष **2017-18** का कुल | **809.41** | **478.53** |
| वर्ष **2018-19** | | | | | |
| **67.** | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ | वाकी- अडासा- धापेवाड़ा- पराडसिंहा- छोटा ताज बाग- तेलानखांडी- गिराड का विकास | 54.01 | 0.00 |
| **68.** | | मार्गस्थ सुविधाओं का विकास (उप- योजना) | वाराणसी- गया; लखनऊ-अयोध्या- लखनऊ; गोरखपुर-कुशीनगर; कुशीनगर-गया-कुशीनगर में एम ओ आर टी एच के सहयोग से मार्गस्थ सुविधाओं का विकास। | 17.93 | 5.38 |
| **69.** | उत्तर प्रदेश | अध्यात्मिक परिपथ | जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएड- खुर्जा-बांदा का विकास | 14.52 | 0.00 |
| **70.** | झारखंड | ईको परिपथ | डालमा-चंडिल- गेतलसुद- बेतला राष्ट्रीय अभयारण्य –मिर्चैया-नेतरहाट का विकास | 52.72 | 0.00 |
| **71.** | त्रिपुरा | पूर्वोत्तर परिपथ | सुरमा छेरा-उनाकोटी –जुम्पुई हिल्स- गुनाबाती-भुनानेश्वरी-माताबाड़ी-नीरमहल- बॉक्सानगर-छोटा खोला- पिलक- अवांगछारा का विकास | 65.00 | 0.00 |
| **72.** | पंजाब | विरासत परिपथ | आनंदपुर साहिब- फतेहगढ़ साहिब-चमकौर साहिब-फिरोजपुर- अमृतसर- खाटकर कालां- कालानौर- पटियाला का विकास | 99.95 | 0.00 |
| **73.** | केरल | ग्रामीण परिपथ | मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 80.37 | 0.00 |
| **74.** | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुविपुरम - कुन्नु मपारा श्री सुब्रमण्या - चेम्बझांति श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 69.47 | 0.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **75.** | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | कासारागोड, वायनाड, कन्नूर, कोझिकोड, पल्लक्काड़, मल्लापुरम, त्रिचूर, एर्णाकुलम, इडुक्की, कोट्टयम,अल्लपुझा, पथानमथिट्टा, कोल्लम, त्रिवेंद्रम का विकास | 85.23 | 0.00 |
| **76.** | मेघालय | पूर्वोत्तर परिपथ | पश्चिम खासी पहाड़ियां (नोंगखलवा - क्रेम तिरॉट, खुदोई तथा कोहमांग जलप्रपात - खरी नदी मावतद्रिशान, शिलांग) जयंतिया हिल्स (क्रैंग सूरी फाल्स् शिरमंग लुकसी) गारो पहाड़ियों (नेक्रिक रिजर्व, कट्टा बील, सीजु गुफाएं) का विकास | 84.97 | 0.00 |
| **77.** | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपाटन मंदिर (बलरामपुर) तथा वटवासिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 21.16 | 0.00 |
| | | | वर्ष **2018-19** का कुल | **645.33** | **5.38** |
| | | | अबतक का कुल | **6035.70** | **3744.50** |

*******

अनुबंध- II

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 10.02.2020 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. +1252 के भाग (ड.) और (च) के उत्तर में विवरण

प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा

(करोड़ रू. में)

| क्र. सं | राज्य | परियोजना की सं. | परियोजना के नाम | स्वीकृत वर्ष | स्वीकृत लागत | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **जारी परियोजनाओं की सूची** | | | | | | |
| 1 | **आंध्र प्रदेश** | 1 | पर्यटन गंतव्यों के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिला का विकास | 2015-16 | 28.36 | 22.69 |
| | | 2 | श्रीसेलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 47.45 | 37.96 |
| 2 | **असम** | 3 | गुवाहाटी में और इसके आस–पास कामाख्या मंदिर और तीर्थ गंतव्य का विकास | 2015-16 | 30.71 | 22.03 |
| 3 | **बिहार** | 4 | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 4.27 | 2.91 |
| | | 5 | पटना साहेब का विकास | 2015-16 | 41.54 | 33.23 |
| 4 | **गुजरात** | 6 | द्वारका का विकास | 2016-17 | 13.08 | 10.46 |
| | | 7 | सोमनाथ में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2016-17 | 44.07 | 35.26 |
| | | 8 | प्रसाद योजना के अंतर्गत सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास | 2018-19 | 44.59 | 26.75 |
| 5 | **जम्मू एवं कश्मीर** | 9 | हजरतबल का विकास | 2016-17 | 42.02 | 30.42 |
| 6 | **केरल** | 10 | गुरूवायुर मंदिर का विकास | 2016-17 | 46.14 | 36.91 |
| 7 | **मध्य प्रदेश** | 11 | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 40.67 | 28.33 |
| 8 | **महाराष्ट्र** | 12 | त्रियंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 37.81 | 8.49 |
| 9 | **ओडिशा** | 13 | मेगा परिपथ के तहत पुरी, श्री जगन्नाथ धाम–रामचंडी देवली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना विकास | 2014-15 | 50.00 | 10.00 |
| 10 | **राजस्थान** | 14 | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 | 26.11 |
| 11 | **तमिलनाडु** | 15 | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 16.48 | 13.18 |
| | | 16 | वेलानकनी का विकास | 2016-17 | 5.60 | 4.48 |
| 12 | **उत्तराखंड** | 17 | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.78 | 27.83 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 18 | प्रसाद योजना के तहत बद्रीनाथ धाम (उत्तराखंड) में तीर्थयात्रा सुविधा हेतु अवसंरचना विकास | 2018-19 | 39.24 | 11.77 |
| 13 | **उत्तर प्रदेश** | 19 | मेगा पर्यटक परिपथ (चरण–।।) के रूप में मथुरा–वृंदावन का विकास | 2014-15 | 14.93 | 10.38 |
| | | 20 | वाराणसी का विकास | 2015-16 | 20.40 | 16.32 |
| | | 21 | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 2017-18 | 10.72 | 5.14 |
| | | 22 | प्रसाद योजना–।। के अंतर्गत वाराणसी का विकास | 2017-18 | 44.60 | 18.46 |
| | | 23 | गोवर्धन, मथुरा का विकास | 2018-19 | 39.74 | 7.78 |
| 14 | **पश्चिम बंगाल** | 24 | बेलूर का विकास | 2016-17 | 30.03 | 23.39 |
| 15 | **झारखण्ड** | 25 | बैद्यनाथजीधाम, देवघर का विकास | 2018-19 | 39.13 | 11.58 |
| 16 | **नागालैण्ड** | 26 | नागालैंड में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 25.26 | 7.53 |
| **पूर्ण परियोजनाओं की सूची** | | | | | | |
| 17 | **पंजाब** | 27 | अमृतसर में करूणा सागर वाल्मिकी स्थल का विकास **;अप्रैल 2018 में पूर्णद्ध** | 2015-16 | 6.40 | 6.40 |
| | | 28 | वृंदावन जिला मथुरा में पर्यटन सुविधा केन्द्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 | 9.36 |
| | | | **कुल** | | **840.02** | **505.15** |

*******